हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 8 अगस्त 2025

04 शराब पार्टी के दौरान पत्नी पर अश्लील टिप्पणी...



07 खुलासाः पड़ोसी ही निकला लुटेरा 24 घंटे के भीतर...





## खबर संक्षेप

### आज पेयजल सप्लाई प्रभावित रहेगी

**सागर।** नगर निगम जलप्रदाय शाखा ने जानकारी दी है कि 08 अगस्त शुक्रवार को राजघाट जल आवर्धन परियोजना में विद्युत ट्रांसफार्मर मरम्मत कार्य किए जाने के कारण जल आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक बंद रहेगी। जिस कारण 08 अगस्त शुक्रवार को सुबह की पाली की सप्लाई ही हो पायेगी, 08 अगस्त की शाम को टंकियों से होने वाली सप्लाई पूरे शहर में प्रभावित रहेगी। इसलिए 08 अगस्त को सुबह की पाली की जलसप्लाई होने के पश्चात जिन स्थानों पर पेयजल सप्लाई नहीं हो पाएगी उन स्थानों पर 09 अगस्त शनिवार को पेयजल सप्लाई की जाएगी।

### जमुनिया चिखली के बच्चों ने निकाली तिरंगा रैली

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशानुसार 'हर घर तिरंगा - हर घर स्वच्छता' अभियान के तहत आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमुनिया चिखली विकासखंड केसली में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। जिसमें शाला के समस्त छात्र छात्राओं ने भाग लिया तथा लोगों को राष्ट्रभक्ति एवं स्वच्छता का संदेश दिया और राष्ट्रभक्ति और स्वच्छता का संदेश लेकर जन-जन को प्रेरित किया गया। शाला के वरिष्ठ शिक्षक अरुण कुमार दुबे, संजय तिवारी, ओम नारायण सिंह ठाकुर, इंद्रपाल लोधी, दीपक साहू, अरविंद यादव एवम शाला के सभी अतिथि शिक्षकों एवं स्टाफ ने भाग लिया। सभी ने राष्ट्रभक्ति से प्रेरित संदेश छात्रों एवं लोगों को दिए। शाला के प्राचार्य भरत सिंह परिहार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### बारिश में भुट्टे से बने व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया

**सागर।** अखिल भारत वर्षीय भारतीय दिगंबर जैन महिला परिषद ब्राह्मी संभाग चंद्र प्रभु शाखा दारा व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अध्यक्ष प्रीति ने बतलाया कि मासिक मीटिंग में भुट्टे के व्यंजन प्रतियोगिता में शाखा की बहनों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया ।विभिन्न प्रकार के व्यंजन बना कर लेकर आए, उसमें प्रथम स्थान शरद ,द्वितीय स्थान सुषमा तृतीय स्थान मंजरी रही। सभी बहनों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष डॉक्टर आशा, प्रांतीय सचिव प्रांतीय सचिव मंजू, संभागीय अध्यक्ष संध्या रंधेलिया, संभागीय सचिव सरिता सह सचिव मुक्ता, जनसंपर्क अधिकारी साधना, मंजरी, अर्चना खाद, सुधा तिली, सचिव शरद, तू कोषाध्यक्ष नीतू शाखा बहने अरुण, प्रिया, दीप्ति संघी, नीलू, बिंदु रजनी, ज्योति, आदि बहने उपस्थित रही।

### पीएम आवास योजना अंतर्गत इंटरेस्ट सब्सिडी के संबंध में जानकारी दी

**सागर।** शासन के आदेशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत इंटरेस्ट सब्सिडी स्कीम के संबंध में नगर निगम सभाकक्ष में उपस्थित हितग्राहियों एवं नगर निगम के कर्मचारियों को कार्य पालन यंत्री विजय दुबे एवं सहायक यंत्री संजय तिवारी ने योजना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा स्वयं का भवन निर्माण एवं क्रय करने के लिए अधिकतम 1.8 लाख ब्याज सब्सिडी प्राप्त की जा सकती है । योजना का लाभ लेने के लिए हितग्राही ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। एल आई जी, एमआईं जी एवं ईडब्ल्यूएस भवनों के लिए परिवार की वार्षिक आय, ऋण की अधिकतम राशि, आवास का अधिकतम मूल्य एवं क्षेत्रफल एरिया की विस्तृत जानकारी दी गई । योजना से संबंधित अधिकतम जानकारी बेबयसाइट पर या क्यू आर कोड को स्केन कर देखी जा सकती है। हितग्राही योजना के संबंध में संबंधित बैंक या नगर निगम कार्यालय से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

---

**विश्वविद्यालय में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष व्याख्यान व सैन्य उपकरणों की प्रदर्शनी का आयोजन**

# ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से सेना ने देश की नैसर्गिक छवि पर हुए हमले का जवाब दियाः मेजर जनरल के.टी.जी.कृष्णान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के स्वर्ण जयंती सभागार में भारतीय सैन्य इतिहास में वीरता, रणनीतिक कौशल और राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक के रूप में भारतीय सेना और भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और साहस की गाथा को उजागर करने वाले ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय सेना द्वारा उपयोग में लाये जाने वाले हथियार एवं सैन्य उपकरणों की प्रदर्शनी 36 रैपिड (एस) शाहबाज डिवीजन द्वारा लगाई गई। विद्यार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों एवं सभी अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।



कार्यक्रम में जीओसी 36 रैपिड डिवीजन के मेजर जनरल के. टी.जी. कृष्णन ने मुख्य वक्तव्य देते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर क्यों हुआ और कैसे हुआ इसको जानना हम सबके लिए जरूरी है । पहलगाम में नागरिकों पर देश की महिलाओं के पतियों को धर्म को लक्षित करते हुए निशाना बनाया गया जो क्रूरता और नृशंसता का चरम है । इस तरह की आतंकी गतिविधि का जवाब तो देना ही था क्योंकि जिस तरीके से लक्ष्य करके देश के मासूम नागरिकों पर हमला किया गया वह देश की नैसर्गिक छवि पर बहुत बड़ा आघात पहुंचाया गया ।उन्होंने बताया कि भारतीय सेना, भारतीय राजनीतिक नेतृत्व और भारतीय आला अधिकारी तीनों ने एक मंच पर आकर देश के खिलाफ हुए हमले का जवाब दिया । पहली बार हमने पाकिस्तानी सीमा में घुसकर कई आतंकी कैम्पों को नष्ट किया और 102 से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया । नीति और रणनीति दोनों का इस्तेमाल किया गया। बहुत से लोगों को वास्तविक कार्रवाई और घटना के बारे में पूरी जानकारी नहीं है इसलिए भारतीय सेना और देश के नेतृत्व ने यह तय किया है कि हम सार्वजनिक रूप से देश के नागरिकों के बीच जाकर भारतीय सेना के शौर्य, साहस और क्षमता के बारे में अवगत कराएँ । उन्होंने कहा कि दुश्मन देश द्वारा फेक न्यूज़ का इस्तेमाल किया गया । साइबर हमले किये ऐसे में हमें सावधान रहना है कि हम कौन सी खबर को आगे बढायें । आज त्वरित सूचना के युग में हम देश हित के मुद्दों और उनसे सम्बंधित ख़बरों को पूरी तरह जांच पड़ताल करके ही किसी खबर को आगे बढ़ाना चाहिए । यह भी देश के हित में एक मदद है। यह जरूरी नहीं कि बॉर्डर पर लड़ाई में जाकर ही देश सेवा की जा सकती है । देश सेवा के कई और आयाम हैं जो देश के सभ्य नागरिक देश हित में करते हैं । उन्होंने कहा कि जब भी युद्ध होते हैं तो केवल जवान युद्ध नहीं लड़ते बल्कि देश युद्ध लड़ रहा होता है । देश का मतलब, हम सब. क्योंकि जवान भी हमारे और आपके बीच के परिवार और समाज के सदस्य होते हैं । इसलिए हमारी जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है । उन्होंने पकिस्तान के आंतरिक राजनीतिक, आर्थिक और सैन्य हालातों के बारे में जानकारी देते हुए दुश्मन देश द्वारा आतंकी गतिविधियों को शह देने संबंधी कई घटनाओं और जानकारियाँ प्रदान कीं । उन्होंने कहा कि आज का कश्मीर पहले से बहुत अलग है वहां हालात बदल चुके हैं । विकास तीव्र गति से हुआ है. उन्होंने कहा कि बिना किसी का नुकसान किये राष्ट्र हित में कई बार कड़े फैसले लेने पड़ते हैं। भारतीय सेना ने कभी भी पकिस्तान के नागरिक ठिकानों को निशाना नहीं बनाया न ही इस अभियान में उनको कोई नुक्सान हुआ । उन्होंने वीडियो के माध्यम से ऑपरेशन सिन्दूर की कार्रवाइयों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई को पूरी दुनिया ने देखा और भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध वैश्विक स्तर पर एक वातावरण का निर्माण किया जिससे दुनिया भर से समर्थन भी मिला।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं विश्वविद्यालय की कुलपति कर्नल कमांडेंट प्रो. नीलिमा गुप्ता ने भारतीय सेना द्वारा के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि देश के सम्मान में यह एक नवाचारी पहल है। हमारे युवाओं को देश की सेना और शौर्य से परिचित होना चाहिए । यह देश प्रेम की भावना को मजबूत करती है और भारत चूंकि सबसे युवा देश है, इसलिए युवाओं के लिए ऐसी जानकारी प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने कहा की सेना के शौर्य, पराक्रम, वीरता, बलिदान हमेशा स्मृति में रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। भारत देश किसी भी स्थिति में आतंक को बर्दाश्त नहीं करेगा। हमारे देश की सैन्य शक्ति और रक्षा उपकरणों के उपयोग को पूरी दुनिया ने देखा। हम सक्षम और सशक्त भारत हैं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि ग्रुप कमांडर एनसीसी सागर के ब्रिगेडियर विकास बहुगुणा सहित भारतीय सेना, एनसीसी के कई अधिकारी, विश्वविद्यालय प्रॉक्टर प्रो. चंदा बेन, सुरक्षा अधिकारी प्रो. राजेंद्र यादव, प्रो. नवीन कानगो, प्रो.वाय.एस. ठाकुर, प्रो. अनिल कुमार जैन, प्रो. अजीत जायसवाल, प्रो. कालीनाथ झा, प्रो ऋतू यादव, प्रो आशीष वर्मा, प्रो. देवाशीष बोष विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ. एस पी उपाध्याय, डॉ. संजय शर्मा, जनसंपर्क अधिकारी डॉ. विवेक जायसवाल, एनसीसी अधिकारी डॉ.गौतम प्रसाद, डॉ. रजनीश अग्रहरी तथा विश्वविद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

---

## हनौता व उल्दन बांधों के निर्माण कार्य पूर्ण होने की अवधि बताई जल संसाधन मंत्री सिलावट ने

**विधायक भूपेन्द्र सिंह के विधान सभा प्रश्न में दिया उत्तर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

खुरई विधानसभा क्षेत्र के किसानों के लिए जीवनदायिनी बीना नदी सिंचाई परियोजना के अंतर्गत हनौता सिंचाई परियोजना के बांध के निर्माण का कार्य मार्च, 2026 में पूर्ण हो जाएगा। इस बांध की यूनिट-2 का निर्माण कार्य भी जून, 2026 तक पूरा होगा। यह जानकारी मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में पूर्व गृहमंत्री सिंह के प्रश्न के उत्तर में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने दी है। जल संसाधन मंत्री सिलावट ने पूर्व गृहमंत्री, भूपेन्द्र सिंह के प्रश्न के उत्तर में विधानसभा में जानकारी देते हुए बताया कि बंडा सिंचाई उल्दन बांध परियोजना के बांध का निर्माण कार्य दिसंबर,2025 एवं इसकी यूनिट-2 का निर्माण कार्य दिसंबर 2026 तक पूर्ण किये जाने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि चकरपुर बांध का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। उल्लेखनीय है कि हनौता एवं चकरपुर बांधों का लाभ खुरई विकासखंड के किसानों को मिलेगा जबकि उल्दन बांध परियोजना का लाभ मालथौन विकासखंड के किसानों मिलेगा। इन बांधों के पानी का उपयोग जल जीवन मिशन योजना के तहत एकल नल जल योजना के मुख्य स्रोतों के रूप में भी होगा।

### अतिवृष्टि और बाढ़ से फसलों को नुकसान की 7 दिवस में सर्वे रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश

**सागर।** कलेक्टर ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से अतिवृष्टि एवं बाढ़ के कारण फसलों को हुई क्षति के संबंध में अधिकारियों को देंश दिए कि बाढ़/अतिवृष्टि से प्रभावित फसलों का सर्वेक्षण राजस्व, कृषि, उद्यानिकी एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों की संयुक्त टीम गठित कर सर्वे कार्य कराया जाए। कलेक्टर ने संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि सर्वेक्षण कार्य शीघ्रता से पूर्ण कर 7 दिवस के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

## कंटेनर से टकराकर चकनाचूर हुई कार एक की मौत, 4 युवक गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा

सागर-जबलपुर मार्ग पर मंगलवार देर रात गढ़ाकोटा की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार सामने से आ रहे कंटेनर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार चार अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा चनौआ-परासिया स्टेडियम के पास हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना के बाद कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और टायर टूटकर अलग हो गया। राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला और तत्काल पुलिस को सूचना दी।



सूचना मिलते ही गढ़ाकोटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को गढ़ाकोटा अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया, जबकि चार गंभीर रूप से घायल युवकों को प्राथमिक उपचार के बाद सागर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस जांच में मृतक की पहचान कमलेश उर्फ गोलू पिता रविकांत रजक (22), निवासी सूबेदार वार्ड, सागर के रूप में हुई है। वहीं घायल युवकों में तरुण, राहुल, मंजीत और विकास सेन शामिल हैं, जिनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

### घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़

हादसे की खबर लगते ही घटनास्थल पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए थे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से यातायात बहाल किया और क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाया गया। प्रारंभिक जांच में अनुमान है कि कार की रफ्तार काफी तेज थी, और संभवतः चालक ने कंटेनर को देर से देखा, जिससे टक्कर हुई। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

गढ़ाकोटा थाने के एसआई लक्ष्मी मिश्रा ने बताया-घटना के बाद कंटेनर को जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

---

**पहली बार वेंटीलेटर पर पड़े मरीज का किया गया ऑपरेशन**

# बीएमसी के डॉक्टर्स ने मौत की कगार पर पहुंची गर्भवती महिला की बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कहते हैं डॉक्टर इस पृथ्वी पर भगवान का रूप होते हैं, इस काहवत को बुंदेलखंड मेडीकल कॉलेज के गायनी विभाग के डॉक्टरों ने सही साबित कर दिया। यहां के डॉक्टरों ने अंतिम क्षण तक हार न मानने के अपने जज्बे से मरणाशन हो चुकी एक महिला मरीज को नवजीवन प्रदान किया। दरअसल, बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के गायनी विभाग में 28 जुलाई को एक गर्भवती महिला को लाया गया जिसके पेट में बच्चा मर चुका था। महिला की सांसें थम गईं थीं। नब्ज मिल नहीं रही थी। ब्लड प्रेशर मशीन में दिख नहीं रहा था। तभी डॉक्टर ने एक अंतिम प्रयास सीपीआर (कृत्रिम सांस) दिया, महिला का ब्लड प्रेशर बढ़ाने की दवा दी गई। महिला को तत्काल वेंटीलेटर पर रखा गया। फिर चमत्कार हुआ महिला के ब्लड प्रेशर के साथ नब्ज में हरकत दिखी तो डॉक्टरों की उम्मीद जाग गई। महिला की निगरानी बढ़ाई तो सांस चलना शुरू हुईं लेकिन अभी भी महिला होश में नहीं आई थी। पेट में मरा हुआ बच्चा गंभीर इंफेक्शन पैदा कर सकता था।



डॉक्टरों की चिंता उसे पेट से बाहर निकालने की थी लेकिन वेंटीलेटर पर रखी महिला के ऑपरेशन कैसे किया जाए, क्योंकि बीएमसी में. इससे पहले ऐसा कभी नहीं हुआ था। मरणाशन से वापस आई महिला के मौत के चांस 90 प्रतिशत थे। स्त्री रोग विशेषज्ञ, एनेस्थीसिया डॉक्टर्स की टीम ने अभिभावकों को स्थिति से. अवगत कराया। वेंटीलेटर सहित महिला को ऑपरेशन थियेटर ले गए। बीएमसी में पहली बार वेंटीलेटर पर पड़े मरीज का ऑपरेशन किया गया और महिला के पेट से मृत बच्चा निकाला गया। चार दिन की गहन निगरानी के बाद डॉक्टर्स की मेहनत रंग लाई और बुधवार को महिला होश में आ गई। परिजनों ने राहत की सांस ली कि आखिर महिला की जान बच गई। अब परिजन बीएमसी के डॉक्टर्स का आभार मानते हुए नहीं थक रहे हैं।

बीएमसी के मीडिया प्रभारी डॉ. विशाल भदकारिया ने बताया कि राहतगढ़ निवासी मरीज शिफा कुरैशी पत्नी हसीन कुरैशी को मिर्गी के झटके के साथ परिजन लेकर आए थे। डॉ. वर्षा और डॉ. अभय ने उसे अटेंड किया था। सीपीसीआर इन डॉक्टर्स ने दिया। जटिल ऑपरेशन डॉ. शीला जैन, डॉ. प्रियंका पटेल ने किया। एनेस्थीसिया विभाग से डॉ. सर्वेश जैन, डॉ. मोहम्मद इलियास और डॉ. अजय का योगदान रहा। बीएमसी डीन डॉ. पीएस ठाकुर, अधीक्षक डॉ. राजेश जैन ने कहा कि गायनी विभाग में हर दिन औसत 40 मरीज आ रहे हैं। स्टाफ की कमी तो है लेकिन निर्देश दिए गए हैं, कि प्रत्येक मरीज पर डॉक्टर्स व स्टाफ देखरेख व इलाज में मेहनत करे। अभी गायनी में 7 स्त्रीरोग विशेषज्ञ, 8 पीजी व नर्सिंग स्टाफ तैनात है, जो मरीजों की संख्या के हिसाब से कम है, जिसे पूरा करना के प्रयास किए जा रहे हैं। गर्भवती महिला की जान बचाने वाले डॉक्टर्स की टीम ने अच्छा कार्य किया।

बुंदेलखंड मेडिकल कालेज सागर के स्त्री रोग विभाग में राहतगढ़ निवासी गर्भवती महिला को मरणासन्न अवस्था में लाया गया जहां पर एनेस्थीसिया विभाग की डाक्टर वर्षा और डा अभय द्वारा सीपीसीआर कर रिवाइव किया और वेंटिलेटर पर शिफ्ट किया, गर्भस्थ शिशु की मौत पहले ही हो चुकी थी ऐसे में वेंटिलेटर पर रखते हुए ही डा शीला जैन एसोसिएट प्रोफेसर स्त्री रोग विभाग और डा प्रियंका पटेल अस्सिटेंट प्रोफेसर स्त्री रोग विभाग सिजेरियन ऑपरेशन कर मृत बच्चे को बाहर निकाला, आपरेशन में और वेंटिलेटर पर देखभाल स्त्री रोग विभाग की डा शीला जैन, डा प्रियंका पटेल एवं एनेस्थीसिया विभाग के विभागाध्यक्ष डा सर्वेश जैन, डा मोहम्मद इलियास एसोसिएट प्रोफेसर, डा अजय सिंह अस्सिटेंट प्रोफेसर और उनकी टीम ने की।

---

## कलेक्टर के निर्देश पर विद्यालयों का किया जा रहा है निरीक्षण

**अनुपस्थित रहने पर वेतन वृद्धि व वेतन काटने के निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर संदीप जी आर ने विगत दिवस जिले के विद्यालयों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर के निर्देश पर जिले के विद्यालयों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन द्वारा शाहगढ़ के विद्यालयों का किया गया निरीक्षण के दौरान 21 शिक्षक अनुउपस्थित पाए गए जिनकी एक वेतन वृद्धि एवं एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। शाहगढ़ के विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान शास. उमावि. मॉडल शाहगढ़ के 12 शिक्षकों में से 1 शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। इसी प्रकार शास. उत्कृष्ट उमावि शाहगढ़ के 34 शिक्षकों में से 17 एवं शास. कन्या उमावि शाहगढ़ के 9 शिक्षकों में से 3 शिक्षक अनुपस्थित पाए गए इस प्रकार कुल 21 शिक्षक अनुपस्थित पाए गए जिन पर वेतन काटने एवं वेतन वृद्धि रोकने की कार्यवाही की गई। इस दौरान कुल 09 अतिथि शिक्षक भी अनुपस्थित पाये गये।

### यह शिक्षक पाए गए अनुपस्थित

शास. उमावि. मॉडल शाहगढ के काशीराम अहिरवार, शास. उत्कृष्ट उमावि शाहगढ़ के कमलेश कुमार रावत, रामदयाल अहिरवार, अरविंद कुमार जैन, प्रति जैन, अरविंद कुमार जैन, ममता वर्मा, शैलेन्द्र कुमार जैन, प्रशांत कुमार जैन, कैलाश अहिरवार, कमलेश कुमार जैन, नीलम जैन, प्रति तिवारी, रूचि जैन, मंजूषा जैन, रूचि गुप्ता, माखनलाल गुप्ता, देवेन्द्र सिंह राजपूत, शास. कन्या उमावि शाहगढ़ के राधा सोनी, पूनम गुप्ता, अभिलाषा शुक्ला।



## डॉ. अनिल तिवारी ने नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष का किया सम्मान, आगामी रणनीति पर की चर्चा

**सागर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय भोपाल में बतौर प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष को सागर के वरिष्ट भाजपा नेता डॉ. अनिल तिवारी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया साथ ही हेमंत खंडेलवाल को भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदान की गई इस नई जिम्मेदारी के लिए उन्हें शुभकामनाएं भी प्रदान की। डॉ. अनिल तिवारी ने बताया कि जैसाकि हम सभी जानते हैं कि खंडेलवाल बेहद सहज, गंभीर व्यक्तितव के धनी हैं। बैतूल से विधायक व पूर्व सांसद हेमंत खंडेलवाल की राजनैतिक प्रष्ठभूमि शुरू से ही काफी मजबूत रही है। उनके पिता विजय खंडेलवाल भी बैतूल सीट से दो बार विधायक व सांसद रहे हैं। खंडेलवाल के राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के साथ काफी अच्छे व गहरे संबंध होने के साथ-साथ उन्हे भारतीय जनता पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं का समर्थन भी प्राप्त है। ऐसे में उनका पार्टी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष बनाया जाना हमारे प्रदेश की राजनीति में एक नये अध्याय का प्रारंभ होने जैसा है। डॉ. अनिल तिवारी ने इस आत्मीय मुलाकात के दौरान सागर में संगठन के सशक्तिकरण, आगामी चुनावी रणनीति के साथ ही प्रदेश के विकास से जुड़े कई महत्तवपूर्ण मुद्दों व विकास कार्यों पर चर्चा की साथ ही खंडेलवाल के नेतृत्व में हमारा संगठन और अधिक सशक्त जनसेवी एवं सभी कार्यकताओं व आम जनता के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बनेगा एवं मध्यप्रदेश में नये आयाम स्थापित करेगा। इस अवसर पर डॉ. अनिल तिवारी के साथ के साथ-साथ पं. अभिषेक गोपाल भार्गव, पूर्व जिला अध्यक्ष सागर जाहर सिंह, मोनू चैहान, प्रमोद राजपूत, सौरभ पांडे एवं लकी तिवारी सहित भारतीय जनता पार्टी सागर के अनेक कार्यकर्ता व सदस्य उपस्थित रहे।



## समूह द्वारा संचालित गौशालाओं में आयोजित होगी तिरंगा रैली, स्वतंत्रता दिवस पर होगा ध्वजारोहण

**सागर।** मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सागर इकाई के द्वारा गठित महिला स्वयं सहायता समूहों के द्वारा जिले में 25 से अधिक मनरेगा गौशालाओं का संचालन किया जा रहा है इन गौशालाओं में तिरंगा रैली का आयोजन किया जा रहा है केसली विकासखंड के ग्राम मोहली की गौशाला संचालक निशा राजपूत ने बताया कि वे समूह की महिलाओं के साथ अपने ग्राम में तिरंगा रैली का आयोजन करने जा रहे हैं इस रैली के माध्यम से जागरूकता साथ ही साथ पौधारोपण जल संरक्षण और जलजन्य रोगों पर महिला समूह के साथ विषय विशेषज्ञ के माध्यम से चर्चा होगी। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन में अपनी गौशाला में ध्वजारोहण का कार्यक्रम करेंगे ।इसी प्रकार ग्राम पड़रिया की मूलाबाई आदिवासी ने बताया कि वह भी तिरंगा रैली के माध्यम से गांव में एक रैली का आयोजन करेंगे और स्वतंत्र स्वतंत्रता दिवस के दिन उनकी गौशाला में ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है । इस अवसर पर गौशाला परिसर में भी फलदार पौधारोपण करेंगे। ग्राम राय खेड़ा में स्थित गौशाला में इस अवसर पर नेपियर ग्रास की कटिंग का रोपण किया जा रहा है। यह ग्रास प्रत्येक साथ दिवस में आसानी से कटिंग कर ली जाती है जो पशुओं को पोषण आहार के रूप में उपलब्ध कराई जाती है । स्वतंत्रता दिवस के दिन इस गौशाला में भी स्थानीय सरपंच के मुख्य अतिथि में ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित होगा।

## हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान से देशभक्ति और स्वच्छता का संदेश

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी. आर. के निर्देशानुसार जिले में हर घर तिरंगा - हर घर स्वच्छता अभियान से न केवल राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान बढ़ाना बल्कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी फैलाना है। इस दिशा में तिरंगा से प्रेरित कला प्रतियोगिता, तिरंगा प्रदर्शनी, तिरंगा रंगोली और तिरंगा राखी निर्माण जैसी रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इस अभियान के अंतर्गत स्कूली बच्चों और स्व-सहायता समूहों द्वारा तिरंगा रैली का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों बच्चों सहित लोगों ने भाग लिया।

### एसपी के निर्देशन में बनी टीमों ने 48 घंटों में किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

# शराब पार्टी के दौरान पत्नी पर अश्लील टिप्पणी करना बनी हत्या की वजह






हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के पुलिस थाना कुड़ीला अंतर्गत ग्राम चन्द्रपुरा में हुई हत्या का पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में 48 घंटों के भीतर खुलासा कर दिया। जिसमें एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है जिसके कब्जे से हत्या में हथियार रूप में उपयोग किया लकड़ी का बेंत डंडा भी जप्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा गठित चार पुलिस टीमों ने आरोपी को बारदात घटित होने के 48 घंटों के भीतर पकड़ लिया गया। घटना का खुलासा करने और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एएसपी व एसडीओपी के नेतृत्व में 4 पुलिस टीमें गठित की गईं थी।

### हत्या की सूचना मिलते ही एक्टिव हुए एसपी मंडलोई

बिगत 5 अगस्त को थाना कुड़ीला में सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम चन्द्रपुरा में एक व्यक्ति अपने घर के अन्दर मृत अवस्था मे पडा है । सूचना मिलते ही तुरंत उक्त घटना से एसपी मंडलोई को अवगत कराकर कुड़ीला थाना प्रभारी बृजेन्द्र सिंह घोषी दलबल के साथ मौके पर पहुँचे जहाँ फरियादी धूराम पिता कुशवाहा उम्र 45 साल निवासी चन्दपुरा ने बताया कि दिनांक सुबह करीब 10 बजे मेरे मझले लडके रामेश्वर ने फोन पर बताया कि चचेरा भाई राजकुमार अपने घर के अन्दर बाले कमरे मे पडा हुआ है । जिसके सिर से खून वह रहा है और आंगन मे जमीन पर खून पडा है। ज़ब जाकर देखा तो राजकुमार अन्दर वाले कमरे मे पडा हुआ था। जिसके सिर मे चोट थी । फरियादी धूराम के बताये अनुसार थाना कुडीला मे धारा 103 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

### शीघ्र खुलासा करने एसपी ने गठित की पुलिस की 4 टीमें

उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मण्डलोई द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया एवं आरोपी की गिरफ्तारी शीघ्र करने के उद्देश्य से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह एवं एसडीओपी राहुल कटरे के नेतृत्व में पुलिस की 4 टीमों का गठन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिसके बाद पुलिस द्वारा उक्त मामले की तह तक जाने का प्रयास करते हुए कार्यवाही की गई।

### मुखबिर तंत्र को एक्टिव कर की गई छापामारी व आरोपी को गिरफ्तार

गठित पुलिस टीमों द्वारा सघनता से मामले की जांच की गई और संभावित स्थानों पर दबिश दी गई। मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। जिसमें पुलिस टीम को परिणाम स्वरूप सफलता मिली और आरोपी राजूलाल उर्फ रज्जू उम्र 42 साल निवासी चन्द्रपुरा घटना के 48 घन्टे के अन्दर फुटेर चक्र एक स्टेशन रोड खरगापुर से गिरफ्तार किया गया। साथ ही आरोपी से घटना में प्रयुक्त एक लकड़ी का बैत डण्डा एवं घटना के समय पहने हुये कपडे जप्त किये गये।

### पूंछताछ में आरोपी ने बताई हत्या की वजह

पुलिस पूंछतांछ में आरोपी ने बताया कि 4 अगस्त की शाम को आरोपी राजूलाल उर्फ रज्जू और मृतक राजकुमार के घर के आंगन मे बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान आपस मे बातचीत करते हुए मृतक राजकुमार ने आरोपी राजूलाल से उसकी पत्नी के संबंध में अश्लील बाते की। अपनी पत्नी के बिरुद्ध अश्लीलता भरी बातो को सुनकर आरोपी राजूलाल ने गुस्से में आकर लकडी का बैत मृतक के सिर पर मार दिया। जिससे राजकुमार के सिर से खून निकलने लगा। जिसे देखकर आरोपी राजूलाल बैत को लेकर फरार हो गया था। उक्त कार्यवाही में कुड़ीला थाना प्रभारी बृजेन्द्र सिंह घोषी, सायबर सेल प्रभारी मयंक नगाईच, चौकी देरी प्रभारी चन्दन शाक्य, सहायक उप निरीक्षक असलम खांन, प्रधान आरक्षक ताहिर खांन, आरक्षक वेदप्रकाश शर्मा, आरक्षक अभिषेक कुर्मी, आरक्षक राहुल यादव , आरक्षक सुनील कुमार , आरक्षक जगदीश मोरी, आरक्षक चन्द्रकान्त उपाध्याय , आरक्षक योगेन्द्र , आरक्षक अशोक और हेमलता की सराहनीय भूमिका रही।

### बल्देवगढ़ थाने में हुआ जन संवाद व पौधारोपण कार्यक्रम

# पुलिस सिर्फ अपराध नियंत्रण संस्था नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव की अग्रदूतः आईजी खन्ना







हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले की पुलिस अब सिर्फ अपराध नियंत्रण संस्था नहीं है बल्कि सामजिक बदलाव की अग्रदूत बन चुकी है। उक्त संबोधन आईजी डॉ हिमानी खन्ना ने बल्देवगढ़ में आयोजित सीधा संबाद कार्यक्रम के दौरान आमजनों को संबोधित करते हुए दिया। बल्देवगढ़ थाने में आईजी खन्ना और एसपी मनोहर सिंह मंडलोई ने आमजन से सीधा संवाद कर नशामुक्ति, साइबर सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण का मजबूत संदेश दिया। साथ ही वृक्षारोपण करके पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया।

जनसेवा, जनसंवाद और जनजागरूकता की सोच को साकार करते हुए बलदेवगढ़ थाना परिसर में एक विशेष जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सागर पुलिस महानिरीक्षक डॉ. हिमानी खन्ना एवं जिला पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने नागरिकों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित किया एवं समाज के समग्र विकास में जनभागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया। जिला पुलिस की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए आईजी डॉ. खन्ना ने अपने संबोधन में जिला पुलिस की सतर्कता, जन-जागरूकता अभियानों एवं संवेदनशील कार्यशैली की तारीफ़ करते हुए कहा कि पुलिस आज सिर्फ अपराध नियंत्रण की संस्था नहीं बल्कि सामाजिक बदलाव की अग्रदूत बन चुकी है। जनसंवाद में उन्होंने नशे की सामाजिक, पारिवारिक एवं आर्थिक क्षति पर विस्तार से चर्चा की और नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु सभी से जागरूकता फैलाने का आग्रह किया। इसके साथ ही उन्होंने साइबर क्राइम जैसे उभरते खतरों पर लोगों को सचेत करते हुए, सतर्कता एवं डिजिटल साक्षरता अपनाने की सलाह दी।

### अभियान के सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं सामने

एसपी मंडलोई ने महिला सशक्तिकरण के लिए जिले में संचालित विशेष अभियानों की जानकारी देते हुए बताया कि जिले में संचालित नीड, परी, भरोसा, सहारा और आसराह जैसे अभियानों को महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वतंत्रता के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे है। आईजी डॉ. खन्ना ने आम नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के लिए स्पष्ट निर्देश दिए। कार्यक्रम के अंत में आईजी डॉ. हिमानी खन्ना एवं एसपी मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा बल्देवगढ़ थाना परिसर में वृक्षारोपण किया गया । इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को भविष्य की आवश्यकता बताया और सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी जिम्मेदारी समझते हुए ₹एक व्यक्ति, एक वृक्ष₹ के सिद्धांत को अपनाएं। यह वृक्षारोपण केवल एक प्रतीकात्मक पहल नहीं, बल्कि हरित भारत की दिशा में एक ठोस कदम था। उक्त कार्यक्रम में बल्देवगढ़ नगरपालिका अध्यक्ष शालिनी मिश्रा, एसडीएम भारतीदेवी मिश्रा, एसडीपीओ राहुल कटरे, थाना प्रभारी निरीक्षक प्रीति भार्गव, तहसीलदार अनिल गुप्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, पत्रकार बंधु, पुलिस बल एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। अंत में बल्देवगढ़ थाना प्रभारी प्रीति भार्गव ने बताया कि यह जनसंवाद न केवल पुलिस-जन सहयोग की दिशा में एक सशक्त पहल रहा, बल्कि पर्यावरण, महिला सुरक्षा और सामाजिक चेतना जैसे अहम विषयों पर भी प्रभावशाली जागरूकता का मंच बना।

### प्रधानमंत्री आवास योजना की आयोजित समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# 31 अगस्त तक पूर्ण किये जाए पीएमएवाई आवास 1.0: कलेक्टर श्रोत्रिय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर एसडीएम लोकेन्द्र सिंह सरल, एसडीएम बल्देवगढ़ भारती देवी मिश्रा, एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे, पीओ डूडा शिवि उपाध्याय सहित सभी सीएमओ तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्रोत्रिय ने पीएमएवाई 2.0 के आवेदनों की जानकारी ली तथा समस्त नगरीय निकायों के अधिकारियों को आवेदनों के वेरिफिकेशन समय पर करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पात्र एवं अपात्र हितग्राहियों को नियमानुसार चिन्हित कर बिना किसी दबाव में आये निष्पक्षता से समय पर योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी सीएमओ को अपनी टीम के साथ वार्ड में जाकर वार्डवासियों, जनप्रतिनिधियों, हितग्राहियों से डोर टू डोर संपर्क करने हेतु निर्देश दिए। साथ ही समस्त एसडीएम एवं सीएमओ को निर्देश दिए कि ऐसे हितग्राही जो धारणाधिकार हेतु पात्रता रखते हैं, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना पीएमएवाई के लिए जमीन चिन्हांकित कर धारणाधिकार के नियम के तहत जमीन उपलब्ध कराई जाये। कलेक्टर श्रोत्रिय ने प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 को 31 अगस्त तक पूर्ण करने के निर्देश देते हुये कहा कि समस्त हितग्राही अपने मकानों को जल्द पूर्ण कर आईएसएस इंट्रेस्ट सब्सिडी स्कीम योजना से सब्सिडी का लाभ लें। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 के तहत जो मकान पूर्ण हो चुके हैं केवल फिनिशिंग, रंग रोगन आदि कार्य शेष हैं वो जल्द ही सभी कार्य पूर्ण कर लें। साथ ही उन्होंने बताया कि 17 अगस्त एवं 27 अगस्त को प्रधान मंत्री आवास योजना 1.0 के आवासों में ग्रह प्रवेश का कार्य कराया जायेगा। तत्पश्चात कलेक्टर श्रोत्रिय ने समस्त सीएमओ से निराश्रित गौवंश को गौशालाओं में भेजने की तैयारी के संबंध में जानकारी लेते हुये निर्देश दिये कि अपने-अपने नगरीय क्षेत्र में ऐसी जगहों को चिन्हित करें। जहां निराश्रित गायों का झुंड रहता है एवं पशुपालन विभाग से संपर्क कर अपने आस-पास की सभी गौशालों की जानकारी रखें, प्रत्येक गौशाला में सीमा अनुसार जानवरों की व्यवस्था की जाये। जिन जानवरों का टैगिंग नहीं किया गया उन्हें टैग किया जाये।

# जेसीबी ने कुचले गौवंश, महंत ने दी आंदोलन की चेतावनी

### मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने जेसीबी जब्त कर दिया कार्रवाई का आश्वासन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

बिगत दिवस बुधवार देर रात के समय एक जेसीबी बाहन ने सड़क पर बैठे गौवंश को टक्कर मार दी। इस घटना में एक गाय की मौत हो गई। जबकि दो अन्य गौवंश गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उक्त घटना कलेक्ट्रेट कार्यालय के पास घटित हुई। जिसके बाद मामला संवेदनशील होने पर भारी तादात में पुलिसबल मौके पर पहुंचा और जेसीबी को जप्त कर देहात थाने में रखवाया गया। घटना की सूचना मिलते ही बुंदेलखंड पीठाधीश्वर महंत सीताराम दास महाराज मौके पर पहुंचे। उन्होंने इस घटना पर कड़ा विरोध जताया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसडीओपी राहुल कटरे और देहात थाना प्रभारी चंद्रकांत यादव भी मौके पर आए। इस दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। उल्लेखनीय है कि जिले में बड़ी संख्या में गौवंश सड़कों पर आवारा घूम रहे हैं। इससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इन हादसों में लोग घायल हो रहे हैं और गौवंश को भी अपनी जान गंवानी पड़ रही हैं। गौवंश को लेकर इसी मुद्दे पर बिगत मंगलवार को बुंदेलखंड पीठाधीश्वर महंत सीताराम दास महाराज ने विरोध करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में रुद्राभिषेक किया था। उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर में रुद्राभिषेक कर जिला प्रशासन से 7 दिन के अंदर सड़क पर घूम रहे गौवंश को व्यवस्थित करने की मांग की थी। तब कलेक्टर और एसडीएम ने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया था। लेकिन उक्त प्रदर्शन के अगले दिन ही यह घटना घटित हो गई। इससे नाराज होकर महंत सीताराम दास महाराज ने फिर से प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने अधिकारियों से लिखित में जानकारी मांगी है कि गौवंश को कितने दिनों में सड़क से हटाकर व्यवस्थित किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर निश्चित समय सीमा में गौवंश को गौशालाओं में व्यवस्थित नहीं किया गया, तो फिर वृहद स्तर पर आंदोलन किया जायेगा। और यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा ज़ब तक कि गौवंश को लेकर ठोस कार्यवाही नही की गई। बही दूसरी ओर देहात थाना प्रभारी चंद्रकांत यादव ने बताया कि उक्त घटना के बाद जेसीबी को जब्त कर लिया गया है। चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। घायल गाय को उपचार के लिए आसरा गौ सेवा केंद्र भेजा गया है।

### 25 हेक्टेयर जंगल की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया

लटेरी। लटेरी तहसील में वन विभाग ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए 25 हेक्टेयर जंगल की जमीन को अवैध कब्जे से छुड़ाया। यह अभियान वन विभाग, जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने मिलकर चलाया। यह कार्रवाई डीएफओ हेमंत यादव के निर्देश पर और रेंज ऑफिसर विवेक चौधरी के नेतृत्व में की गई। कक्ष क्रमांक 303 और 313 में लंबे समय से अवैध कब्जों की शिकायतें मिल रही थीं। इसी के चलते यह अभियान चलाया गया। मंगलवार सुबह टीम जेसीबी मशीनों के साथ पहुंची और अतिक्रमण हटाने का काम शुरू किया। इस दौरान कई अवैध निर्माण गिराए गए। रेंज ऑफिसर ने बताया कि यह कदम जंगल की जमीन को बचाने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी था। पूरी कार्रवाई शांति से हुई और किसी ने विरोध नहीं किया।



# कलेक्टर-एसपी ने की स्वतंत्रता दिवस तैयारियों की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

आगामी 15अगस्त की तैयारियो को लेकर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय तथा पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने पुलिस ग्राउंड पुलिस लाइन में जाकर स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त मनाने के लिए की जा रही आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाने के लिए जरूरी तैयारियों पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने समारोह की पूर्ण व्यवस्था, समारोह स्थल पर आवश्यकतानुसार साफ-सफाई, पीने का पानी, पानी के निकास, बेरीकेटिंग, प्रसाधनों सहित अन्य जिम्मेदारी के लिये संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पीएस चौहान, एसडीएम लोकेन्द्र सिंह सरल, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर, नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### पीएआई 1.0 की कार्यशाला का जिला पंचायत सभागार में हुआ आयोजन

# उत्कृष्ट पंचायतों को जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




जिला पंचायत टीकमगढ़ के सभागार में पंचायत उन्नति सूचकांक 1.0 के कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता राहुल सिंह, एडीएम प्रताप सिंह चौहान, अतिरिक्त मुख्य कार्य पालन अधिकारी सिद्ध गोपाल वर्मा आदि उपस्थित सभी अधिकारियों का पुष्प व गुलदस्ता भेंट के स्वागत किया गया। इस दौरान पंचायत उन्नति सूचकांक पीएआई 0.1 का वीमोचन किया गया। आयोजन के दौरान पंचायत विकास सूचकांक पीएआई 0.1 में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायतो को सम्मानित किया गया। जिसमें खरों जनपद पंचायत पलेरा सरपंच राजकुमारी चतुर्वेदी को प्रथम पुरस्कार 11 हजार की राशि, ग्राम पंचायत लार खुर्द जनपद जतारा सरपंच भगवान दास कुमार को द्वितीय पुरस्कार 7100 रुपए की राशि, ग्राम पंचायत डिकोली जनपद टीकमगढ़ सरपंच प्रेम वाई यादव तृतीय पुरस्कार 51 सौ रुपए की राशि इनाम स्वरूप दी गईं। इसके अलावा बाकी 7 ग्राम पंचायतो अमरपुर , मालपीथा, रतनगुवा, जरूआ, हिनौता, बमहौरी, भानपुरा को 21 सौ रुपए की राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। साथ ही अन्य 10 चयनित ग्राम पंचायतो हीरानगर , चंदेरी खास , रानीपुर मजना , खरौं खास , धमना, मडोरी महाराजपुर, गौना, लार, मगराई को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। जिला पंचायत सभागार में हुए कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता सिंह लोधी की उपस्थिति में पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन जन अभियांन परिषद के जिला परियोजना प्रबंधक डीपीएम रोहित चतुर्वेदी ने किया तथा पंचायत उन्नति सूचकांक के मास्टर ट्रेनर के द्वारा पीएआई 1.0 के विमोचन एवं प्रचार प्रसार करते हुए पंचायत उन्नत सूचकांक के पंचायत उन्नति सूचकांक वेबसाइट में प्रविष्टि करने के बारे में बताया गया। साथ ही अन्य जानकारियों को ग्राम पंचायत सचिव, सरपंच, जिला अधिकारियों, जनपद अधिकारियों एवं जिला पंचायत के अधिकारी व कर्मचारी के समक्ष प्रदर्शित किया गया। ईटीसी नौगांव छतरपुर के ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के अंत में जिला पंचायत अध्यक्ष व अन्य प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

### विकलांग प्रतिभागी को पुरस्कृत करने सभागार से बाहर आई जिला पंचायत अध्यक्ष

उक्त कार्यक्रम के दौरान ज़ब एक चिन्हित प्रतिभागी के बिकलांग होने की जानकारी जिला पंचायत अध्यक्षा उमिता सिंह को हुई तब अध्यक्षा उमिता सिंह प्रतिभागी का प्रशस्तिपत्र लेकर अधिकारियो को साथ लेकर स्वयं सभागार से बाहर निकली और प्रतिभागी के समक्ष जाकर उन्हें प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। जिला पंचायत अध्यक्षा की ये संवेदनशील व्यवहार देखकर सभी ने उनकी सराहना की।



### वृद्धा के कान के टॉप्स लूटने की वारदात पुलिस ने की ट्रेस

# खुलासा: पड़ोसी ही निकला लुटेरा 24 घंटे के भीतर पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बुधवार की शाम को कोतवाली थाने के पीछे स्थित गली में एक वृद्ध महिला के साथ घटित हुई कान के टॉप्स लूटने की सनसनीखेज वारदात को कोतवाली थाना पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ट्रेस करते हुए लुटेरे को दबोच लिया है। इसके साथही पुलिस ने उस दुकानदार को भी मामले में आरोपी बना लिया है,जिसमें आरोपी और उसके दोस्त से लूटे गए 50 हजार रूपए कीमत के सोने के टॉप्स 20 हजार रूपए में गिरवी रख लिए थे।

खास बात यह है कि लूट करने वाला आरोपी पडोसी निकला है, जो कि पीडित वृद्ध महिला के घर से करीब 500 मीटर की दूरी पर ही रहता है। आरोपी नशेडी बताया जा रहा है, जिसने नशा करने के लिए पैसो का इंतजाम करने के लिए इस वारदात को अंजाम दिया है। एसपी वीरेन्द्र जैन ने बताया कि बुधवार की शाम को जैसे ही वार्ड क्रमांक 5 निवासी वृद्ध महिला पुष्मा बाई 90 वर्ष पत्नी स्व लक्ष्मीनारायण राठौर का मुंह दबाकर कानो में पहन रखे सोने के टॉप्स लूटने की वारदात की सूचना मिलते ही न केवल एफआईआर दर्ज की गई,बल्कि कोतवाली टीआई सतीश सिंह चौहान के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गठित कर लुटेरो को दबोचन में लगा दी। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र की सक्रियता के चलते 24 घंटे के भीतर इस लूट के आरोपी असलम पुत्र अब्दुल शहजाद निवासी वार्ड क्रमांक 5 श्योपुर को चिन्हित करते हुए उसे दबोच भी लिया है। पुलिस गुरूवार को आरोपी को दबोचने के बाद घटना स्थल पर लेकर पहुंची और पुलिस ने आरोपी के साथ वारदात का रीक्रिएट सीन किया।बता दे कि वर्ष 2022 में आरोपी असलम ने राजस्थान के जयपुर में एक लूट की वारदात को अंजाम दिया था।



#### अस्पताल में भर्ती पीड़िता से मिलने पहुंचे एसपी

लूट की शिकार होने के दौरान जख्मी हुई वृद्ध महिला पुष्मा बाई रातभर से जिला अस्पताल में भर्ती है। वारदात के ट्रेस होने के बाद एसपी वीरेन्द्र जैन गुरूवार को जिला अस्पताल में भर्ती वृद्धा से मिलने के लिए पहुंचे। जहां एसपी ने वृद्ध महिला की कुशलक्षेम पूछी और ढांढस बंधाते हुए कहा कि घबराने की केई जरूरत नहीं है। जिस बदमाश ने इस वारदात को अंजाम दिया है,उसे पकड लिया गया है।

#### दोस्त के साथ मिलकर लूटे गए सोने के टॉप्स एक दुकानदार के यहां रख दिए 20 हजार में गिरवी

एसपी वीरेन्द्र जैन ने बताया कि आरोपी असलम पुत्र अब्दुल शहजाद वार्ड क्रमांक 5 में ही पीडित वृद्धा के घर से करीब 500 मीटर की दूरी पर रहता है। उसे अच्छे से पता था कि दोपहर के बाद इस गली में यदाकदा ही लोग गुजरते है। और वृद्धा भी घर में अकेली ही रहती है। बुधवार की शाम को आरोपी मौका देखकर वृद्ध महिला को जख्मी कर उसके सोने के टॉप्सों को लूटकर भाग गया। इसके बाद आरोपी ने अपने दोस्त राजेन्द्र उर्फ मोनू चौहान के साथ मिलकर लूटे गए 50 हजार रूपए कीमत के टॉप्स को गणेश बाजार श्योपुर निवासी जडी बूटी की दुकान लगाने वाले दुकानदार राजकुमार गोयल पुत्र शंभूदयाल गोयल के यहां जाकर 20 हजार रूपए में गिरवी रखे दिए। आरोपी ने पूछताछ के दौरान पूरी वारदात का राज उगल दिया। राजकुमार गोयल के यहां से लूटे गए टॉप्स बरामद करने के बाद पुलिस ने उसे और राजेन्द्र उर्फ मोनू चौहान को भी मामले में आरोपी बना लिया है। फिलहाल ये दोनो फरार है,लेकिन इनकी भी गिरफ्तारी जल्द हो जाएगी।

#### इनका रहा अहम योगदान

लूट की इस वारदात का खुलासा किए जाने में कोतवाली टीआई सतीश सिंह चौहान, उनि कमलेन्द्र सिंह कुशवाह, वीरेन्द्र पटेल, सउनि संतोष मांझी, शीतेन्द्र सिंह, प्रआर कुलदीप जाट, अंसार खान, आरक्षक राधेश्याम शर्मा, रविन्द्र त्यागी, पुरषोत्तम रावत की अहम भूमिका रही है।

### सितंबर से राशनकार्डधारियों को चावल कम, गेहूं मिलेगा अधिक

# अब रूक सकती है जिले में बढ़ती पीडीएस के चावल की खरीद फरोख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले में आए दिन उजागर हो रहे पीडीएस के चावल की खरीद फरोख्त के मामले अब रूक सकते है। ऐसी उम्मीद इसलिए बंधी है,क्योंकि सरकार ने राशन दुकानों से राशनकार्डधारी लोगो के दिए जाने वाले चावल की मात्रा घटा दी गई है। जबकि गेहूं की मात्रा बढा दी गई है। सरकार की मंजूरी के बाद अब राशन दुकानों से सितंबर माह से राशनकार्डधारी लोगों को चावल की तुलना में गेहूं अधिक मिलना आरंभ हो जाएगा।

दरअसल अभी पीडीएस की दुकानों से गेंहू की तुलना में चावल अधिक मिलता है और श्योपुर जिले के लोग चावल खाने के ज्यादा शौकीन नहीं है, इसलिए पीडीएस की दुकानों से मिलने वाले चावल को हितग्राही दुकानों पर औने पोने दामों पर बेच देते है। जिसकी खरीद फरोख्त कर दुकानदार उन्हें बडे स्तर के व्यापारियों को कर देते है। जिले में इसी चावल की खरीद फरोख्त के मामले आए दिन उजागर हो रहे है। इसी तरह की स्थिति प्रदेश के अधिकांश जिलो में निर्मित होती है,इसलिए राज्य सरकार ने पीडीएस के तहत केन्द्र सरकार से मिलने वाले खाद्यान्न कोटे से चावल की मात्रा घटाकर गेंहू की मात्रा बढाकर दिए जाने का प्रस्ताव केन्द्र सरकार की ओर भेजा था।

बताया गया है कि इस प्रस्ताव को केन्द्र सरकार की ओर से मंजूरी प्रदान कर दी गई है। जिसके बाद सितंबर से राशन दुकानों से चावल की मात्रा मिलना कम और गेहूं की मात्रा अधिक मिलना आरंभ हो जाएगी। यहां बता दें कि श्योपुर जिले में 1 लाख 20 हजार 765 ऐसे राशनकार्डधारी परिवार है,जिन्हें पीडीएस की दुकानों से हर माह खाद्यान्न दिया जाता है। जिनमें शामिल 29089 अन्त्योदय कार्डधारी परिवारों को अभी तक 35 किलो खाद्यान्न प्रति माह मिलता आया है, इसमें 21 किलो चावल और 14 गेंहू शामिल है। जबकि 91 हजार 664 सामान्य राशनकार्ड धारी परिवारों को 5 किलो गेंहू प्रति माह मिलता है। जिसमें 3 किलो चावल और 2 गेहूं शामिल है।



#### अंत्योदय परिवारों को मिलेगा 5 किलो चावल, 30 किलो गेहूं

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों की माने तो पीडीएस की दुकानों से हितग्राहियो को दिए जाने वाले खाद्यान्न कोटे में सितंबर माह से बदलाव शुरू हो जाएगा। इस बदलाव के तहत श्योपुर जिले के 29089 अंत्योदय परिवार के लोगों को खाद्यान्न तो 35 किलो ही मिलेगी,लेकिन उसमें चावल की मात्रा 21 किलो से घटाकर 5 किलो रहेगी। जबकि गेंहू की मात्रा 14 किलो से बढाकर 30 किलो कर दी गई है। इसी तरह श्योपुर जिले के 91 हजार 664 परिवारों को 3 किलो चावल और 2 किलो गेंहू के स्थान पर अब 1 किलो चावल और 4 किलो गेंहू मिलेगा।

#### पीडीएस चावल के पकड़े जाने के ताजा मामले

**केस-1**

पिछले महीने मानपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक ट्रैक्टर ट्रॉली से पीडीएस का चावल जब्त किया है। जांच के दौरान चावल पीडीएस का निकला है।इसलिए इस मामले में मानपुर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**केस-2**

पिछले दिनों श्योपुर के पाली रोड पर यातायात पुलिस ने चैकिंग के दौरान पीडीएस के चावल से भरा एक पिकअप वाहन भी जब्त किया गया है। पिकअप में भरा मिला चावल भी जांच के दौरान पीडीएस का ही निकला है।

#### इनका कहना है

हां, खाद्यान्न कोटे में इस तरह का बदलाव शासन की ओर से कर दिया गया है। जिसके आदेश भी जारी हो गए है। अब सितंबर माह का खाद्यान्न हितग्राहियों को नए बदलाव के तहत ही मिलेगा।

**सुनील शर्मा**
**प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी,श्योपुर**

## अमृत हरित महाअभियान के तहत कॉलेज परिसर में किया पौधरोपण

श्योपुर। अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत गुरूवार को पीएम श्री महाविद्यालय ऑफ एक्सीलेंस श्योपुर के खेल परिसर में पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विविध प्रजातियों के वृक्ष जैसे सप्तपर्णी, अशोक, सलई, चांदनी, घमेर, कनेर आदि पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष रेणु सुजीत गर्ग, भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण, कॉलेज प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा, कन्या महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एसडी राठौर, कॉलेज खेल अधिकारी डॉ. मनु प्रताप सिंह, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि सुजीत गर्ग, विधायक प्रतिनिधि सिराज दाउदी, सीएमओ राधेरमण यादव, रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव दिनेश दुबोलिया, समाजसेवी जयसिंह जादौन सहित जनप्रतिनिधिगण व नगर परिषद के पार्षदगण विष्णु पाराशर, जुगल मेहरा,अकबर दाउदी,सुमेर सिंह, खालिद फारूखी, पूर्व पार्षद जलील खान, मुस्तफा दाउदी, उपयंत्री पवन गर्ग,आदित्य चौहान, नीरज निगम तथा स्व-सहायता समूहों की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।




## शनिवार को नीलकंठ वैदिक गुरुकुल मनाएगा श्रावणी पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्री नीलकंठ वैदिक गुरूकुल शनिवार 9 अगस्त को श्रावणी पूर्णिमा के उपलक्ष्य में श्रावणी पर्व मनाएगा। श्री नीलकंट वैदिक गुरूकुल समिति श्योपुर के द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया है कि श्रावणी उपाकर्म 9 अगस्त को सुबह 8 बजे से 10 बजे तक भूतेश्वर घाट स्थित सीप नदी पर आयोजित किया जाएगा।जिसमें स्वल्पाहार फलाहार सहित गणस्नान सम्पन्न कराए जाएंगे तथा पंचांग पूजन पूर्वक अरुन्धतीसहित सप्तर्षियोंका पूजन, यज्ञोपवीतपूजन पूर्वक स्व- स्व पितारोंको यज्ञोपवीतका दान तथा नूतन यज्ञोपवीतका धारण, उत्सर्गतर्पण, वंशब्रुवण तथा शतपथब्राह्मणादि कण्डिका व प्रपाठकादिका पाठादि कृत्य, प्रायश्चित हवनादि कर्म श्री नीलकंठ वैदिक गुरुकुल राम जानकी मंदिर पर संपन्न होंगे।

इसके बाद आरती और प्रसाद वितरण के बाद सामूहिक भोजन की व्यवस्था भी रहेगी। समिति ने बताया कि इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए 8 अगस्त तक पंजीयन किया जाएगा।

## यात्रियों की जान से खिलवाड़: 30 की जगह यात्री बस में बैठी मिली 80 सवारियां

### यात्री बसों की चेकिंग करने सड़क पर उतरी ट्रैफिक पुलिस,11 बसों पर ठोका जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले की सडकों पर दौड रही यात्री बसे किस तरह ओवर लोड सवारियां बिठाकर नियमों को रौंदने के साथही यात्रियों की जान से खिलवाड कर रहे है,इसकी बानगी गुरूवार को तब देखने को मिली, जब यात्री बसों की चैकिंग करने के लिए सडक पर उतरी ट्रैफिक पुलिस ने तीन ओवरलोड यात्री बसों को चैकिंग के दौरान पकड लिया। इस दौरान एक यात्री बस में तो 30 सवारियों की जगह 80 सवारियां बैठी इसके साथही आधा दर्जन से अधिक स्कूली बसे भी ट्रैफिक नियमों को तोडती हुई संचालित होती पाई गई। इस मामले में ट्रैफिक पुलिस ने 4 यात्री बसो और सात स्कूली बसों समेत कुल 11 बसों पर चालानी कार्रवाई करते हुए 23 हजार 500 रूपए का जुर्माना वसूला गया है।

ट्रैफिक टीआई संजय सिंह राजपूत ने बताया कि गुरूवार को एसपी वीरेन्द्र जैन के निर्देशन में बसों की चैकिंग के लिए विशेष अभियान चलाया गया। चैकिंग के दौरान तीन यात्री बसो में ओवरलोड सवारियां बैठी मिली। बालाजी बस में 50 सवारी ओवर लोड बैठी मिली। जिस पर 10 हजार रूपए का जुर्माना किया गया। आस्था बस में 15 सवारी ओवर लोड मिलने पर 3 हजार का जुर्माना और सफर बस में 5 सवारी ओवरलोड बैठी मिलने पर एक हजार का जुर्माना किया है। जबकि बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र के संचालित होती पाई गई यात्री बस पर 5 हजार का जुर्माना किया है। ट्रैफिक टीआई राजपूत ने बताया कि स्कूली बसों की चैकिंग के दौरान 5 स्कूली बसो में मेडिकल किट बॉक्स न होने, अग्निशमन यंत्र न होने पर तथा 2 मिनी स्कूल बसों के चालक द्वारा बिना सीट बेल्ट परिवहन करने पर जुर्माने की कार्रवाई की गई है। साथही इन बसों के चालकों को नियमानुसार बसों का संचालन करने की हिदायत दी।



## जन्मदिन की शुभकामनाओं के साथ सीईओ जिला पंचायत को दी विदाई

श्योपुर। उज्जैन अपर कलेक्टर बनाये गये श्योपुर के जिला पंचायत सीईओ अतेन्द्र सिंह गुर्जर को गुरुवार को जिला पंचायत परिवार द्वारा जन्मदिन की शुभकामनाओं के साथ विदाई दी गई। दरअसल सीईओ जिला पंचायत अतेन्द्र सिंह गुर्जर को शासन द्वारा उज्जैन अपर कलेक्टर के रूप में पदस्थ किया गया है। आज पदभार संभालने उज्जैन के लिए रवाना हो चुके हैं। इससे पहले सीईओ को जिला पंचायत परिवार की ओर से औपचारिक विदाई दी गई, संयोगवश आज उनका जन्मदिन होने से उन्हें जन्मदिन की अनन्त शुभकामनाएं दी गई। जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई एवं उपाध्यक्ष नीरज जाट की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत की विभिन्न शाखाओं के प्रभारी अधिकारी, कर्मचारी एवं एनआरएलएम के अधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित थे।



## जाट छात्रावास में कल से आरंभ होगी श्रीमद् भागवत कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के जाट छात्रावास में 9 अगस्त से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन आरंभ होगा। इस आध्यात्मिक अनुष्ठान में सुप्रसिद्ध कथा वाचक संत हरिशरण महाराज अपने श्रीमुख से दिव्य कथा का वाचन करेंगे। इस भागवत कथा की शुरूआत 9 अगस्त शनिवार को प्रातः 9 बजे कलश यात्रा निकाले जाने के साथ होगी। कलश यात्रा वार्ड क्रमांक 10 स्थित श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर, से प्रारंभ होकर कथास्थल जाट छात्रावास पहुंचेगी। आयोजकों के अनुसार कथा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगी और संध्या तक चलेगी। कथा से पूर्व प्रातः 5 बजे अमृतवाणी सत्संग और प्रभात फेरी का आयोजन भी किया जाएगा। आयोजन समिति ने जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में आकर इस पावन कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने का अनुरोध किया है।

## समग्र विकास सूचकांक में उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतें पुरस्कृत



श्योपुर। ग्राम पंचायत के समग्र विकास सूचकांक में उत्कृष्ट कार्य करने वाली जिले की ग्राम पंचायतों को पुरस्कार एवं प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया।गुरूवार को जिला पंचायत सभागार में आयोजित पुरस्कार समारोह के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी, सीईओ जिला पंचायत अतेन्द्र सिंह गुर्जर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, जिला पंचायत सदस्य गिरधारी बैरवा, परियोजना अधिकारी राजेश शर्मा, उप संचालक सामाजिक न्याय शशिकिरण इक्का, सीएमएचओ डॉ दिलीप सिकरवार, सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण राकेश गुप्ता सहित पंचायतों के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक आदि उपस्थित थे। जनपद पंचायत श्योपुर की ग्राम पंचायत फिलोजपुरा को प्रथम पुरस्कार के रूप में 11 हजार रूपये की राशि का चैक भेंट किया गया। ग्राम पंचायत मानपुर को द्वितीय स्थान के लिए 7100 रूपये एवं अजापुरा को तृतीय स्थान के लिए 5100 रूपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। इसके साथ ही शेष 7 पंचायतों आवदा, बगवाज, ढेगदा, पुरा, मदनपुर, चितारा, पानडी को पुरस्कार के रूप में 2100-2100 रूपये की राशि भेंट की गई। इसके साथ ही समग्र विकास अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली 10 पंचायतों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये, जिन पंचायतों को प्रशस्ती पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, उनमें करियादेह, घूघस, गोठरा, रघुनाथपुर, बहरावदा, बडौदाकलां, मयापुर, कराहल, मोरावन एवं ननावद के नाम शामिल है। उल्लेखनीय है कि समग्र विकास सूचकांक का क्रियान्वयन देशभर में किया जा रहा है, वर्ष 2022-23 में संपादित पंचायत उन्नती सूचकांक के आधार पर बेहतर स्कोर करने वाली 10 पंचायतों को पुरस्कार राशि तथा 10 पंचायतों को प्रशस्ती पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

#### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बोली सुपर वाइजर की प्रताड़ना से कर लूंगी आत्म हत्या

श्योपुर। सेक्टर सुपरवाइजर द्वारा बार-बार वेतन काटने से नाराज एक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने गुरुवार को नाराजगी जताते हुए आत्महत्या करने की तक की चेतावनी दे डाली। काशीपुर गांव में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कांता जाटव ने बताया कि उसे सेक्टर सुपरवाइजर पूर्व में की गई शिकायत के चलते अकारण परेशान करती है इससे पहले सुपरवाइजर ने घर बैठे 7 कार्यकर्ताओं का वेतन काटने की कार्रवाई के दौरान मार्च माह में ही अप्रैल माह का वेतन काटकर खातों में डालने जैसी लापरवाही की थी सुपरवाइजर द्वारा अप्रैल माह में कार्यकर्ताओं को अनुपस्थित पता कर जो वेतन मार्च माह में काटा गया था उस पर प्रशासन ने नाराजगी जताते हुए सुपरवाइजर को फटकार लगाई थी और सभी कार्यकर्ताओं के खातों में वेतन वापस डाला गया था। इसकी शिकायत करने पर सुपरवाइजर अब उन कार्यकर्ताओं को अकारण परेशान कर रही है गुरुवार को आई कार्यकर्ता ने बताया कि वह बुधवार को सेक्टर बैठक में शामिल होने श्योपुर आई थी तब उसे सुपरवाइजर ने आज आने को बोला था कहीं कलेक्टर या आला अधिकारी निरीक्षण पर न आ जाए इसलिए वह छुट्टी लेकर जिला मुख्यालय पर आई है इस पर भी सुपरवाइजर ने उसे खूब फटकार लगाते हुए बिना काम के यह कहते हुए वापस लौटा दिया कि अब छुट्टी का आवेदन दिए बिना आना तब काम होगा कार्यकर्ता ने कहा कि उसका पति टीबी रोग से ग्रसित है और वह आर्थिक रूप से बेहद कमजोर है।

### नपा परिषद की बैठक 11 को, अवैध घर और नलों को वैध करने पर होगा विचार

# मेडिकल कॉलेज और रेलवे स्टेशन शामिल होगा नगर पालिका में, शासन को भेजा जाएगा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

अब नागदा गांव स्थित मेडिकल कॉलेज और वर्धाबुजुर्ग में बनाया जा रहा श्योपुर का नवीन रेलवे स्टेशन नगर पालिका श्योपुर की सीमा में शामिल होगा। क्योंकि नगर पालिका परिषद ने इन दोनों गांवों को शहरी क्षेत्र में शामिल करने जा रही है। इस संबंध में शासन को शहर की सीमा वृद्धि के लिए संशोधित प्रस्ताव को नगर पालिका परिषद दोबारा से भेजेगी। ज्ञात हो कि नगरपालिका सीमा वृद्धि के लिए पूर्व में जो प्रस्ताव शासन को भेजा गया है उसमें 6 गांवों को नगरपालिका में शामिल किया गया है। संशोधित प्रस्ताव पर नगर पालिका परिषद 11 अगस्त को आयोजित होने वाली परिषद की बैठक में मोहर लगा सकती है। आयोजित होने वाली बैठक में 16 बिंदुओं वाले विकास का एजेंडा तैयार किया गया है, जिसमें शहरी क्षेत्र में अवैध रूप से बने मकानों ओर नलों को वैध करने पर भी विचार किया जाएगा।

नगर पालिका अध्यक्ष रेनू राठौर के निर्देश पर सीएमओ आरआर यादव द्वारा जारी किए गए एजेंडे में नागदा में बने मेडिकल कॉलेज और बर्धाबुजुर्ग में निर्माणाधीन ब्रॉडगेज रेलवे स्टेशन को नगरीय सीमा में शामिल करने के लिए नगर सीमा वृद्धि प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। परिषद की मंशा है कि मेडिकल कॉलेज तक आने-जाने में और दूसरे कामों में संसाधनों और सुविधाओं की कमी न हो इस उद्देश्य से उसे नगरीय क्षेत्र श्योपुर में शामिल किया जाए। इसी मंशा से वर्धा गांव को नगरीय क्षेत्र में जोड़कर रेलवे स्टेशन तक पहुंचना सुगम किया जाएगा। हालांकि नगर पालिका परिषद नगर सीमा वृद्धि के लिए शासन को प्रस्ताव पहले से ही भेज चुकी है जिसमें 6 गांव को शामिल किया गया है पर अब मेडिकल कॉलेज और ब्रॉड गेज रेलवे स्टेशन को शहरी क्षेत्र में शामिल करने के लिए संशोधन प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा इसके अलावा कई विकास के कार्य एजेंडा में रखे गए हैं।




#### एजेंडे में खास बिंदु

- रामतलाई हनुमान मंदिर रोड पर नपा 10 कर्मचारी क्वार्टर को तोड़कर चौड़ीकरण कर दुकानों का निर्माण
- नपा के वर्तमान भवन को खाली होने के बाद तोड़कर मल्टी लेवल पार्किंग बनाना
- शहर के बाजारों में जल भराव की समस्या निदान के लिए ठोस योजना बनाने पर विचार
- शिवपुरी रोड पर बने नपा स्वामित्व के ऑडोटोरियम को किराए पर दिए जाने पर विचार करना
- शिवपुरी रोड, बड़ौदा रोड एवं पाली रोड पर नगरपालिका स्वामित्व वाली ज़मीन पर अवैध रूप से खड़े वाहनों पर जुर्माना लगाने पर विचार विमर्श

#### 10 हज़ार पंजीयन, 5 हजार नल कनेक्शन

बैठक के एजेंडे में नगर पालिका की आय बढ़ाने के उद्देश्य से नगर में बने ऐसे भवन जो नगरपालिका में इंद्राज नहीं है उन्हें इंद्राज कर उनसे संपत्ति कर वसूल कर नगर पालिका की आए बढ़ाए जाने और ऐसे नल जो अवैध रूप से संचालित है को वेध कर उनसे हर माह जलकर वसूले जाने का प्रस्तावित रखा गया है। ज्ञात हो कि नगर पालिका के शहरी क्षेत्र में 5000 नल कनेक्शन है जबकि पार्वती जलावर्धन परियोजना वालों द्वारा एक साल पहले किए गए सर्वे में उन्होंने 10 हज़ार नल कनेक्शन लगाने के लिए पंजीयन किए हैं। यानी नगरीय क्षेत्र में आधे नल कनेक्शन अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं। इसी तरह कई मकान ऐसे हैं जो बिना स्वीकृति के बन चुके हैं और उनने लोग रहते भी हैं लेकिन वह नगर पालिका के दायरा रजिस्टर में दर्ज नहीं हैं। ऐसे मकानों को नपा के दायरा रजिस्टर में दर्ज कराने के लिए लोग नगर पालिका के चक्कर काट रहे हैं लेकिन कई नियम कायदे आड़े आने से वह अपने मकान नपा में दर्ज नहीं कर पा रहे हैं। इन मकानों का नपा में दर्ज कर नगर पालिका न सिर्फ उनसे एक मुश्त राशि वसूल सकेगी बल्कि हर माह उनसे संपत्ति कर के रूप में भी अतिरिक्त आए प्राप्त कर सकेगी।

वन विभाग की जमीन पर अतिक्रमणकारियों ने किया कब्जा, जिम्मेदार बने मौन

# प्रधानमंत्री आवास घोटालाः सीईओ की चुप्पी पर भी उठे सवाल, ग्रामीणों में भारी आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खनियांधाना

खनियांधाना जनपद की ग्राम पंचायत सुलारकला में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वन विभाग की जमीन पर एक बड़ा घोटाला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक की मिलीभगत से यह अवैध निर्माण किया गया है। लेकिन इस मामले में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि वन विभाग के लिखित आवेदन के बावजूद जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की। जिससे उनकी भूमिका भी सवालों के घेरे में आ गई है। गौरतलब यह है कि सुलारकला पंचायत के सुलारखुर्द गांव में कुछ प्रधानमंत्री आवासों का निर्माण हो रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ये आवास उस जमीन पर बनाए जा रहे हैं जो वन विभाग के तहत आती है और जिसे प्लांटेशन के लिए आरक्षित किया गया था। इस गंभीर अनियमितता को देखते हुए वन विभाग के डिप्टी रेंजर ने तत्काल कार्रवाई की। उन्होंने न सिर्फ निर्माण कार्य पर आपत्ति जताईए बल्कि जनपद पंचायत खनियांधाना के सीईओ को लिखित में एक आवेदन भी सौंपाए जिसमें उन्होंने तत्काल निर्माण कार्य रोकने की मांग की थी।

**सीईओ की चुप्पी, मिलीभगत का संदेह**

वन विभाग की लिखित शिकायत के बावजूद जनपद पंचायत सीईओ ने इस मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। निर्माण कार्य बिना किसी रुकावट के जारी रहा। ग्रामीणों का मानना है कि सीईओ की



यह चुप्पी इस बात का स्पष्ट संकेत है कि उनकी भी सरपंचए सचिव और रोजगार सहायक के साथ मिलीभगत हो सकती है। ग्रामीणों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि जब एक सरकारी विभाग ने स्वयं आपत्ति जताई और लिखित शिकायत दी। तब भी सीईओ ने इसे नजर अंदाज क्यों किया। यह सीधे तौर पर भ्रष्टाचार और अधिकारियों की लापरवाही को दर्शाता है।

## आवासों की गुणवत्ता पर भी उठे सवाल

अवैध निर्माण के साथ-साथ इन आवासों की गुणवत्ता पर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इन आवासों के निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा हैए जिससे ये जल्द ही जर्जर हो सकते हैं। एक तरफ जहां सरकार गरीबों के लिए बेहतर आवास उपलब्ध कराने का दावा करती है। वहीं दूसरी ओर स्थानीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि मिलकर सरकारी योजनाओं में इस तरह का घोटाला कर रहे हैं।

### उच्च स्तरीय जांच और कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। उनका कहना है कि इस घोटाले में शामिल सभी जिम्मेदार लोगों सरपंचए सचिवए रोजगार सहायक और जनपद पंचायत सीईओ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। यह मामला न सिर्फ सरकारी नियमों के उल्लंघन का है, बल्कि गरीबों के हक पर भी डाका डालने जैसा है। देखना यह होगा कि इस बड़े घोटाले पर प्रशासन कब तक अपनी चुप्पी तोड़ता है और दोषियों पर क्या कार्रवाई होती है।

## राधिका व आदित्य कंस्ट्रक्शन फर्मों के संचालकों ने फर्जी बिल लगाकर निकाले करोडों, 3 सदस्यीय जांच दल गठित



कोलारस। कोलारस जनपद विभाग की दर्जनों ग्राम पंचायतों में राधिका बिल्डिंग मटेरियल एंड हार्डवेयर एवं आदित्य कंट्रक्शन फ र्मों द्वारा फर्जी बिलों के आधार पर सामग्री सप्लाई के नाम पर करोडों रूपयों का भुगतान करा लिया है। इन दोनों फ र्मों द्वारा खंडा, बोल्डर व लाल मुरम जैसी रॉयल्टी वाली सामग्रियों को भी ग्राम पंचायतों में कागजों में सप्लाई कर दिया। जब उक्त मामले ने तूल पकडा तो जनपद पंचायत सीईओ दिनेश शाक्य ने मामला संज्ञान में लेते हुए फ र्जी फ र्मों को हुए करोडों के भुगतान और जिन ग्राम पंचायतों में उक्त फ र्मों फर्जी बिल लगाए गए हैं, उन सभी की जांच के लिए एक 3 सदस्यीय जांच दल का गठन कर दिया गया है। इस जांच दल में सहायक यंत्री आरके शर्मा, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी सुबोध दिक्षित, लेखाधिकारी दिलिप बंसल को नियुक्त किया गया है। उक्त आदेश 05.08.2025 को जनपद पंचायत कार्यालय से जारी हुआ है। जांच दल को 7 दिवस के भीतर इन दोनों फर्जी फ र्मों की पूरी जांच पूर्ण कर अपना प्रतिवेदन जनपद कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस जांच के उपरांत अब हरगोविंद धाकड़ व नबल सोलंकी दोनों फर्म संचालकों में हडकंप की स्थिति निर्मित हो गई है। कोलारस जनपद की दर्जनों ग्राम पंचायतों में इन दोनों फ र्मों द्वारा लगाए गए फ र्जी बिलों में साफ, स्पष्ट है कि उक्त दोनों फर्मों द्वारा शासन की जीएसटी जमा किए बिना लगातार नियम विरूद्ध सामग्री सप्लाई की गई है। उक्त जांच में कई ऐसे बडे खुलासे होना तय है जिसमें शासन की राजस्व, रॉयल्टी व जीएसटी चोरी के हैरतंगेज मामले उजागर होकर सामने आएगें। वहीं दोनों फर्म संचालकों द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर शासन के साथ धोखाधडी की गई है। वह वित्तीय अपराध की श्रेणी में आता है। जिसके फ लस्वरूप राधिका बिल्डिंग मटेरियल एंड हार्डवेयर व आदित्य कंट्रकशन आदि दोनों फ र्मों का ब्लैक लिस्टेड होना तय है। वहीं बडे राजस्व की वसूली इन दोनों फर्मों के संचालक हरगोविंद धाकड़ व नबल सोलंकी पर शासन द्वारा रिकवरी के रूप में निर्धारित की जाएगी।

### इनका कहना है।

मैनें मामले को गंभीरता से लेते हुए 3 सदस्यीय जांच दल का गठन कर दिया है। जो 7 दिवस के अंदर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। यदि इन दोनों फर्मों द्वारा राजस्वए रॉयल्टी व जीएसटी चोरी के कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर सामग्री सप्लाई की गई है। तो सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**दिनेश शाक्य,**
सीईओ
जप कोलारस

*बोलेद में झूठ बोल रहा हूं तो विधायक पद से दे दूंगा इस्तीफा*

# पोहरी विधायक कैलाश ने सिर पर जूता कांड मामला विस में उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी



पोहरी विधायक कैलाश कुशवाह ने विधानसभा में बैराड़ कस्बे में घटित एक कथित तालिबानी कृत्य का मामला जोरदार ढंग से उठाया। उन्होंने बताया कि विगत दिनों पूर्व मंत्री सुरेश राठखेड़ा एवं उनके साथियों द्वारा एक व्यापारी के बेटे के मामूली विवाद को लेकर सार्वजनिक रूप से अपमान जनक पंचायत की गई। इसमें युवक को सिर पर जूते रखकर माफी मांगने के लिए मजबूर किया गया।

विधायक कुशवाह ने कहा, यह पूरा मामला बैराड़ थाना परिसर के सामने घटित हुआ और स्थानीय थाना प्रभारी की भूमिका संदिग्ध है। इस घटना से पूरे समाज को गहरा आघात पहुंचा है। उन्होंने बैराड़ थाना प्रभारी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की मांग की और संबंधित सभी व्यक्तियों की सीडीआर कॉल डिटेल रिकॉर्ड निकलवाने की भी अपील की। सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि विधायक कुशवाह ने सदन में कहा अगर में झूठ बोल रहा हूं, तो में विधायक पद से इस्तीफा दे दूंगा। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर अब राजनीति गरमाने लगी है।

## शिवपुरी जिले के चाड गांव में बिजली नहीं, भीम आर्मी ने दिया ज्ञापन




शिवपुरी। जिले के अंतर्गत आने वाले ग्राम चाड में विगत 8 माह से बिजली न होने के कारण यहां के ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उक्त ग्राम में अधिकतर आदिवासी समुदाय के लोगों का निवास है। जिसके चलते उक्त ग्रामवासी विकास की मुख्य धारा से टूटे हुए हैं। उक्त ग्राम में निवासरत ग्रामीणों का दर्द भीम आर्मी ने पहचाना और मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर रविन्द्र चौधरी को बुधवार को ज्ञापन सौंपा। उक्त ज्ञापन जिलाध्यक्ष ठकुरलाल जाटव, जिलाध्यक्ष आजाद समाज पार्टी सुरेंद्र राजे और जिला उपाध्यक्ष भीम आर्मी बीरू जाटव के नेतृत्व ने सैकड़ों लोगों ने दिया। ज्ञापन के तुरंत बाद कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने उक्त मामले को तुरंत संज्ञान में लेते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों को उक्त ग्राम का मुआयना कर वास्तविक वस्तु स्थित से अवगत कराने के तुरंत निर्देश दिए।

*नकाबपोश आरोपियों को न्यायालय में किया पेश, 24 जुलाई का मामला*

# कंजिया शराब दुकान पर मारपीट कर 70 हजार की लूट करने वाले आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना





थाना भानगढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कंजिया स्थित शराब दुकान पर 24 जुलाई को रात करीब 10.30 बजे सेल्समैनों के साथ लाठी डंडो से मारपीट कर अवैध कट्टा से फायर कर 70 हजार रुपए की लूट करने वाले 4 नकाबपोश आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। भानगढ़ पुलिस अनुसार घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए थे। घटना गंभीर होने से भानगढ़ पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर एसडीओपी बीना नीतेश पटेल एवं थाना प्रभारी भानगढ उप निरीक्षक सतेन्द्र सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम घटित की गई। टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी के फुटेज खंगाले गए एवं मुखबिरों से सूचना प्राप्त कर लगातार संदेहियों की तलाश पतारसी की गई। तलाश पतारसी के दौरान 7 अगस्त की दरम्यानी रात पुलिस को सूचना मिली कि संदेही आरोपी कहीं भागने की फिराक में मालखेडी स्टेशन के आसपास घूम रहे है। जो टीम द्वारा दबिस देकर संदेही आरोपीगणों को गिरफ्तार किया गया। आरोपीगणों से पूछताछ करने पर घटना को अंजान देना बताया। साथ ही आरोपीगणों से घटना में प्रयुक्त अबैध देशी कट्टा 315 वोर, लूट में से शेष बचे 10 दस हजार 100 रूपए व घटना में प्रयुक्त वाहन कार, मोबाइल जब्त किया गया।

इसमें थाना भानगढ़ थाना प्रभारी उप निरीक्षक सतेन्द्र सिह भदौरिया, प्रधान आरक्षक मोहम्मद इरफान खांन, आरक्षक दीपक यादव, आरक्षक जगदीश कोली, आऱक्षक प्रवीण भदौरिया, आरक्षक अजय रघुवंशी तथा थाना आगासौद से आरक्षक लोकेन्द्र यादव आदि की भूमिका प्रमुख थी।

### 13 अगस्त को होगा श्री गणेश सांस्कृतिक समारोह समिति का पुरस्कार वितरण

शिवपुरी। श्री गणेश सांस्कृतिक समारोह समिति का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम 13 अगस्त बुधवार को शाम 6.30 बजे से कम्युनिटी हॉल गल्ला मंडी के पास किया जाएगा। जानकारी देत हुए समिति के कार्यकारी अध्यक्ष मनीष जैन ने बताया कि गत वर्ष श्री गणेश महोत्सव आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों, स्टॉल लगाने वाली, जलपान समितियों, डांस प्रतियोगिता एकल रुप डांस, जूनियर, सीनियर रुप, सुंदर मूर्ति, ढोल तांशे, चल झांकी, अचल झांकी, मुकेश म्यूजकिल रुप के कलाकारों सहित अन्य प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण 13 अगस्त बुधवार को स्थानीय कम्यूनिटी हॉल गल्ला मंडी के पास शाम साढ़े 6 बजे से आमन्त्रित अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। समिति के पदाधिकारियों ने समस्त विजेताओं को निर्धारित समय में उपस्थित होकर पुरस्कार ग्रहण करने की अपील की है।

त्यौहार पर बाजार करने आए तीनों एक बाइक से आ रहे थे बसाहरी

# बोलेरो की टक्कर से 2 बाइक सवार की मौत, तीसरा सागर किया रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

एक बाइक पर बाजार करने आ रहे 3 बुजुर्गों की बाइक को बोलेरो चालक ने टक्कर मार दी। जिससे एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे ने सिविल अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इसके अलावा तीसरे व्यक्ति की हालत गंभीर होने पर सागर रेफर किया गया है। खिमलासा पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है। जानकारी अनुसार ग्राम महेरी थाना खिमलासा निवासी माधव पिता भभूति आदिवासी उर्म 55 वर्ष, फूल सिंह पिता मौजीलाल आदिवासी उम्र 55 वर्ष एवं गोविंदी पिता ग्यारसी विश्वकर्मा उम्र 70 वर्ष एक बाइक पर सवार होकर महेरी गांव से बाजार करने बसाहरी आ रहे थे। इसी दौरान दोपहर करीब सवा 2 बजे एक बोलेरो चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए और गोविंदी विश्वकर्मा की मौके पर ही मौत हो गई।



### इलाज के दौरान दूसरे की हुई मौत

घटना में गंभीर रूप से घायल माधव आदिवासी एवं फूल सिंह को इलाज के लिए सिविल अस्पताल में लाया गया। जहां इलाज के दौरान माधव आदिवासी की भी मौत हो गई। साथ ही गंभीर रूप से घायल फूलसिंह की स्थिति गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद सागर रेफर किया गया है।

**खरीदी करने आए थे बसाहरी-** घायल फूल सिंह के पुत्र रामसेवक ने बताया कि रक्षाबंधन त्यौहार के लिए पिता बसाहरी खरीदारी करने के लिए आए हुए थे। तभी बसाहरी स्टैंड पर हादसा हो गया। इस संबंध में थाना प्रभारी राधे श्याम पटेल ने बताया कि ललितपुर से लटेरी किराए से जा रही बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार 2 लोगों की मौत हुई है। वहीं तीसरा घायल है। घटना के बाद से वाहन चालक मौके से फरार हो गया है। वाहन को जब्त कर लिया गया है।

# लिलवारा पहुंचकर एसडीएम अनूप ने किया फसलों का सर्वे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलारस

सिंध में आई भीषण बाढ़ के बाद की विभीषिका अब सामने आने लगी है। सिंध का जलस्तर उतरने के बाद अब प्रशासन पूरे अमले के साथ सिंध नदी से लगे ग्रामीण अंचलों के सर्वे में जुट गया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सहित केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और जिला कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी पूरी स्थिति का जायजा ले रहे हैं। जिला कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम अनूप श्रीवास्तव भी तहसीलदार सचिन भार्गव और राजस्व अमले के साथ बाद प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। इसी क्रम में एसडीएम अनूप श्रीवास्तव ग्राम लिलवारा पहुंचे और बाढ़ के कारण प्रभावित हुई फ सलों का सर्वे किया। सिंध नदी में आई बाढ़ की तबाही के कोप से विस्थापित हुए लोगों को भी लगातार राहत सामग्री भेजने का क्रम जारी है।

### विद्यार्थी अपने बेहतर करियर के लिए सही दिशा में फोकस करें- एसडीएम

बीना। पीजी एवं विधि कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बुधवार को निःशुल्क प्रशिक्षण में व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉक्टर रेखा बरेठिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्लेटफार्म के द्वारा आप अपने कौशल को निखारते हुए अपने लक्ष्य का निर्धारण करें और अपना करियर बनाएं। मुख्य वक्ता जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अनुविभागीय अधिकारी विजय डेहरिया ने विद्यार्थियों को करियर के अवसरों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए परिश्रम और संकल्प आवश्यक है। विद्यार्थी अपने बेहतर करियर के लिए सही दिशा में फोकस करें। प्रकोष्ठ प्रभारी मोहम्मद रफीक शेख ने बताया कि समय-समय पर शासन के कैलेंडर अनुसार और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विषय विशेषज्ञों को बुलाकर विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि की जाती है। प्राध्यापक डॉक्टर एमएल सोनी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने अपने सवाल पूछे एवं पंकज लखेरा, ओंकार सौर, राहुल चढ़ार, नम्रता बघेल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर डॉ आनंद सिंह, प्रो आरएस तिवारी, डॉ नीलम सिंह, डॉ रितु सहित कॉलेज स्टाफ उपस्थित रहा।

### ओलम्पस के भविष्य ने जीता कांस्य पदक

विदिशा। भोपाल में हुए सीबीएसई क्लस्टर 12 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ओलम्पस हाई स्कूल के कक्षा 12 के विद्यार्थी भविष्य भार्गव ने डिस्क्स थ्रो अंडर 19 के फाइनल में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता। स्कूल प्राचार्या प्राची रघुवंशी ने बताया कि इस कड़े मुकाबले में जिसमें 50 से भी अधिक स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया था। भविष्य भार्गव अपने प्रतिद्वंदी डेली कॉलेज इंदौर के अंगद और सागर पब्लिक स्कूल भोपाल के दीपराज से बस कुछ ही सेंटीमीटर दूरी पर रहे। अपनी मेहनत के बल पर कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय परिवार और अपने माता-पिता को गौरवान्वित किया। स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी ने भी भविष्य को उनकी इस सफलता पर बधाई दी है।

*आबकारी अधिकारी विनित शर्मा का नहीं मुख्यालय पर निवास, शराब ठेकेदारों से सांठ-गांठ का आरोप*

# आबकारी अधिकारी की उदासीनता से नियम विरुद्ध बिक रही अवैध मदिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

शिवपुरी जिले के पिछोर अनुभाग क्षेत्र में शराब की दुकानें चर्चा का केंद्र बिंदू बनी हुई हैं। आम नागरिकों के विरोध के बाद भी इन दुकानों का संचालन हाइवे किनारे बेखौफ तरीके से जारी है। आबकारी अधिकारी विनित शर्मा मुख्यालय पर निवास नहीं करते हैं। जिससे कागजों में ही सभी शराब दुकानों के निरीक्षण घर बैठकर कर दिए जाते हैं। यहां आबकारी ठेकेदार माननीय उच्च न्यायलय के नियमों का भी खुलकर उलंघन कर रहे हैं। एमआरपी से अधिक दामों में शराब विक्रय जारी है। हाइवे से शराब दुकानों की दूरी शासन अनूसार निर्धारित किए गए नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। पिछोर अनुभाग क्षेत्र में हाइवे किनारे ही शराब दुकानों का संचालन आबकारी अधिकारी की मिलीभगत से ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि उक्त शराब दुकानें ग्राम बाचरोन, अच्छरोनी, बडी मुहांरी, मसीद घाट, बडा

## हाइवे किनारे संचालित हो रही शराब दुकानें, एमआरपी रेट से अधिक में विक्रय जारी

चौराहा आदि क्षेत्रों में पूरी तरह से नियम विरूद्व संचालित हो रही हैं। जिससे मंदिर जाने वाली महिलाएं और स्कूल जाने वाले बच्चों को सडक किनारे बैठे शराबियों की फीताकसी के बीच गुजरना पड रहा है। आबकारी अधिनियमों का पालन कराने में आबकारी अधिकारी विनित शर्मा पूरी तरह से असफल साबित हो रहे हैं।

शराब ठेकेदारों और आबकारी अधिकारी की मिलीभगत से पिछोर अनुभाग क्षेत्र में शराब विक्रय का काला कारोबार सभी नियमों को तोडकर बेखौफ तरीके से संचालित हो रहा है। इस प्रकार आबकारी अधिनियमों की आबकारी ठेकेदारों द्वारा अव्हेलना करने से आए-दिन पिछोर तहसील में लडाई, झगडे देखने को मिल रहे हैं। जो एक स्वस्थ्य समाज के लिए काफी घातक है। ऐसे ही हालात पिछोर अनुभाग क्षेत्र के भौंती कस्बे में संचालित हो रहीं शराब दुकानों के हैं। इन क्षेत्रों में मंदिर, विधालय और



आमजनों की बैठक रहती है। किंतु शराबियों के उपद्रव के कारण पूरा माहौल बिगडा हुआ है। शराब ठेकेदार वहीं शराब विक्रय कर रहे हैं और शराबियों द्वारा शराब दुकानों के बाहर ही सार्वजनिक रूप से जमावडा लगाकर शराब का सेवन किया जा रहा है। जिससे पिछोर अनुभाग क्षेत्र का माहौल लगातार खराब होता जा रहा है। कोई भी जनप्रतिनिधि जब इस अनैतिक कार्य के विरूद्व अपनी आवाज बुलंद करता है तो दबंग ठेकेदारों के गुर्गों द्वारा उसे डराया और डमकाया जाता है।

### शराब ठेकेदारों को पुलिस का भी भय नहीं

शराब दुकानों का संचालन करने वाले शराब ठेकेदारों को बडे राजनैतिक सरंक्षण प्राप्त होने के कारण किसी भी नियम को तोडना कोई बडी बात नहीं है। आबकारी अमला तो ठेकेदारों के रहमों करम पर अपनी नौकरी कर रहा है। या यूं कहें कि पूरे आबकारी विभाग पर शराब ठेकेदारों ने कब्जा कर रखा है तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। किंतु इन शराब ठेकेदारों में पिछोर पुलिस-प्रशासन का भी कोई खौफ नहीं है यह सोचनीय विषय है। जब भी पुलिस-प्रशासन उक्त ठेकेदारों के विरूद्व कोई कार्रवाई करने का मन बनाती है तो आबकारी अधिकारी का पुलिस-प्रशासन को कोई खासा सहयोग नहीं मिल पाता। जिसके चलते शराब ठेकेदार अपनी शराब दुकानों को नियम विरूद्व संचालित कर करोडपति बनने में लगे हुए हैं।

### इनका कहना है

मामला आपके द्वारा संज्ञान में लाया गया है। में आबकारी अधिकारी के साथ बैठक कर नियम विरूद्व संचालित होने वाली शराब दुकानों पर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करूंगा।

**जितेंद्र मावई,** टीआई पिछोर